# SOFT N STRONG/WOOL RICH

| | |
|---|---|
| नाप | लम्बाई– 15 इंच |
| सामग्री | गंगा की सॉफ्ट एन्ड स्ट्राँग, वूल रिच ऊन |
| शेड न0 | SNS001,Wool Rich - 650213 |
| क्रोशिया न0 | 5(5.5mm) - 4(Medium) व सिलने वाली सुई |
| कुल ऊन | 450 ग्राम |

**पोंचो बनाने की विधी**– 5 की चेन बनाकर क्रीम रंग की ऊन से चेन में 12 ट्रे. भरकर पहली पंक्ति को पूरा करें। दूसरी पंक्ति में गोल राऊँड में ट्रे. बनाते हुए 12 ट्रे. में 24 ट्रे. बनाकर पंक्ति को पूरा करें। तीसरी पंक्ति में 5 ट्रे., 2 चेन, 5 ट्रे. से पंक्ति को पूरा करें। चौथी पंक्ति में 5 की चेन, 1 छोटा ट्रे., 5 की चेन से पंक्ति को पूरा करें। इस पंक्ति को 7 बार बनाकर, ग्रे रंग की ऊन लगाकर डिज़ाइन शुरू करें। 1–1 ट्रे. को बढ़ाते हुए 17 लाइन बनाकर 8 इंच की 1 टिक्की तैयार करके इसी प्रकार 3 भाग तैयार करके 4 भागों में सिलकर पोंचो को तैयार करके डोरी तैयार करके पोंचो के ऊपर वाले साइड लगाकर पोंचो को तैयार कर लें।

# WOOLRICH

| | |
|---|---|
| नाप | लम्बाई– 21 इंच, चौड़ाई– 13 इंच |
| सामग्री | गंगा की वूल रिच ऊन |
| शेड न0 | 650213 |
| सलाई न0 | 6(5mm) - 4(Medium) व सिलने वाली सुई |
| कुल ऊन | 230 ग्राम |

**स्कर्ट पिछला भाग**– 60 फंदे डालकर ग्रे रंग की ऊन से 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 3 इंच का बार्डर तैयार करके 1 सलाई सीधी, 1 सलाई उल्टी से प्लेन बुनते हुए 20 इंच का भाग बनाकर 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 2 इंच का बार्डर तैयार करके फंदों को बंद करके 25 इंच का पिछला भाग तैयार कर लें।

**अगला भाग**– 60 फंदे डालकर ग्रे रंग की ऊन से 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 3 इंच का बार्डर तैयार करके डिज़ाइन शुरू करें। 7 फंदे उल्टे, 6 फंदे सीधे, 7 फंदे उल्टे से सलाई को पूरा करें। 8 सलाई का डिज़ाइन बुनकर 9वीं सलाई में 6 फंदों को 3–3 फंदे करके अलग–अलग करके साइड में बुनें 3 एक साइड, 3 दूसरी साइड करके बाहर वाले बुनते हुए अंदर वाले साइड उल्टे फंदे बुनते हुए डिब्बी तैयार करते जाएं। इस प्रकार डिज़ाइन को बुनकर 20 इंच का भाग तैयार करके 1 फंदा सीधा, 1 फंदा उल्टे से 2 इंच का बार्डर तैयार करके फंदों को बंद करके 25 इंच का अगला भाग तैयार करके दोनों भागों को सिलाई करके स्कर्ट को तैयार कर लें।

# COSMOS

| | |
|---|---|
| नाप | लम्बाई– 13 इंच |
| सामग्री | गंगा की वूल रिच ऊन |
| शेड न0 | FXT3165 |
| सलाई न0 | 6(5mm) - 4(Medium) व सिलने वाली सुई |
| कुल ऊन | 120 ग्राम |

**बैग बनाने की विधी**– 35 की चेन बनाकर प्रिंटेड रंग की ऊन से चेन में ट्रे. भरकर पहली पंक्ति को पूरा करें। ट्रे. को बनाते हुए पक्तियों को बढ़ाते हुए 62 ट्रे. तक बढ़ाकर 25 लाइन बनाकर, 26वीं पंक्ति में बैग के हैंडल के लिए ट्रे. की लाइन बनाते हुए बैग के बीच वाले भाग में 95 की चेन बनाकर चेन में ट्रे. भरकर हैंडल तैयार कर लें 1 साइड का हैंडल तैयार करके दूसरे साइड का भी हैंडल तैयार करके बैग को सिलकर बैग को तैयार कर लें।

